# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2022/ 17044 दिनांक: 11 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अभियंत्रण एवं व्यवसायिक संस्थान।

विषय:-दिनांक 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-ई-4886/जी0एस0 दिनांक 02.08.2022 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय के पत्र दिनांक 02.08.2022 में उल्लिखित केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाशित अधिसूचना संख्या: 228 दिनांक 14.08.2022 के क्रम में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या:-4-1099/285/2022-1 दिनांक 28.07.2022 द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न आयोजनों/कार्यक्रमों के साथ 14.08.2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

अत: आपसे अपेक्षा है कि उक्त से अवगत होते हुए दिनांक 14.08.2022 को पत्र में उल्लिखित निर्देशों के अनुपालन में संस्थान स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी योगदान/सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्नक:-यथोक्त**

भवदीय,

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. प्रति कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. निदेशक, सेन्टर फार एडवांस्ड स्टडीज़, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. समस्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
8. व्यवस्थाधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि पत्र दिनांक 02.08.2022 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार दिनांक 14.08.2022 को कार्यक्रम आयोजित कराया जाना सुनिश्चित करें।
9. स्टाफ आफीसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

# राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
## लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 4886 / जी0एस0
दिनांक : 02, अगस्त, 2022

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय : दिनांक 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाशित अधिसूचना संख्या : 228, दिनांक 14 अगस्त, 2022 के क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या : 4–1099 / 285 / 2022–1–, दिनांक 28 जुलाई, 2022 द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न आयोजनों / कार्यक्रमों के साथ 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्तानुसार जारी पत्र की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विश्वविद्यालय / संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी योगदान एवं सहयोग करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

72
04/8/22

Registrar
4/8/22

कुलपति

D.R.

Reg
4/8/2022

AR(Estt)

2850
10/8/22

2590

SA HP Verma

आज़ादी का अमृत महोत्सव
विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस
सं0- /चार-2022

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन,

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश, शासन।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग लखनऊ:दिनांक जुलाई, 2022

विषयः-दिनांक 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि भारत का राजपत्र (असाधारण), संख्या 228 में दिनांक 14 अगस्त, 2021 को केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जहां भारत के लोग "आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए अपनी प्रिय मातृभूमि के उन बेटे एवं बेटियों को नमन करते हैं, जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्यौछावर करने पड़े थे; ऐसे लोगों की याद में तथा भारत की वर्तमान और भावी पीढियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गयी यातना एवं वेदना का स्मरण दिलाने के लिए 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया गया है ।

2. देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी, ऐसे समय पर देश का दो टुकड़ों में बंट जाने का दर्द आज भी लाखों परिवारों में एक गहरे जख्म की तरह घर कर गया है। इसी समय बंगाल का भी विभाजन हुआ, जिसमें बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग कर पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया था, जो कि सन् 1971 में बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। भारत के इस भौगोलिक बंटवारे ने देश के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से झकझोर दिया था। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें न सिर्फ भेद-भाव, वैमनस्य एवं

दुर्भावना को खत्म करने की याद दिलायेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की प्रेरणा मिलेगी।

3. प्रदेश सरकार द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न आयोजनों/कार्यक्रमों के साथ इस दिवस यानि दिनांक 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में कराये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् हैः

- विभाजन से विस्थापित हुए परिवारों की पहली एवं दूसरी पीढ़ियों को साथ लेकर शरणार्थी बस्तियों/बाजारों अथवा विश्विद्यालयों एवं कॉलेजों से सभी के हाथों में तिरंगा लेकर मौन जुलूस का आयोजन एवं अभिलेख प्रदर्शनी स्थल पर प्रार्थना सभा/शांति पाठ का आयोजन किया जाये। जुलूस का यात्रा मार्ग लगभग 1 किमी0 रखा जाये, ताकि बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं हेतु यह सुविधाजनक हो।
- प्रदेश के कॉलेजों/विश्वविद्यालयों अथवा चिन्हित स्थलों पर विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी (उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार) का आयोजन किया जाये, जिसमें 20 से 25 प्रदर्शों (तत्समय के फोटो, अखबारों की कतरनें, साहित्य, राजकीय अभिलेख आदि) का प्रदर्शन किया जाये।
- प्रदेश के प्रमुख महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में 'विभाजन विभीषिका' से संबंधित सेमिनार का आयोजन किया जाये, जिसमें विभिन्न विषयों जैसेः 'भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में विस्थापितों का योगदान' तथा 'देश की एकता एवं अखण्डता में शरणार्थी व्यक्तियों का योगदान' पर चर्चा की जाये। इसमें विभाजन विभीषिका से विस्थापित प्रथम पीढ़ी के व्यक्तियों के अनुभवों का प्रस्तुतिकरण किया जा सकता है।
- प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका' से जुड़ी हुई फिल्मों/डाक्यूमेंट्री को शरणार्थी बस्तियों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन किया जाये।
- स्थानीय प्रकाशकों/पुस्तक विक्रेताओं के सहयोग से सन् 1947 में 'भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका' से जुड़ी हुई पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जा सकती है।
- दिनांक 14 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली से प्रस्तावित कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का प्रदर्शनी स्थल एवं शरणार्थी बस्तियों में सजीव प्रसारण किया जाये।
- उक्त कार्य में विभिन्न सामाजिक व गैर सरकारी संगठनों जैसे सिंधी काउसिंल आफ इंडिया, उत्तर प्रदेश सिंधी सभा, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा

आदि का सहयोग भी लिया जाये। इसके अलावा उत्तर प्रदेश फिल्म बंधु, उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली आदि द्वारा कार्यक्रम हेतु अभिलेख/फिल्में उपलब्ध करायी जायेंगी।

अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रदेश के सभी ज़िलों में कार्यक्रम कराते हुए उनकी सूचना संस्कृति विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 28-07-2022 12:25:22
Reason: Approved

( दुर्गा शंकर मिश्र )
मुख्य सचिव।

**<u>सं0- /चार-2022, तद्दिनांक।</u>**

प्रतिलिपि- निम्नलिखित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
2. अपर मुख्य सचिव गृह, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
5. प्रमुख सचिव, भाषा विभाग।
6. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

MUKESH KUMAR MESHRAM

Digitally signed by MUKESH KUMAR MESHRAM
DN: c=IN, o=UTTAR PRADESH SECRETARIAT CULTURE AND TOURISM, ou=GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH, postalCode=226001, st=Uttar Pradesh, 2.5.4.20=901da69eb34dedb11b08993e4153e4a0e5981008b1400c3d7317c6f98db9d798, serialNumber=bf12771f7767f626d1a52916776ee7f026033882d04ba12d4f69cf17bf79a0c2, cn=MUKESH KUMAR MESHRAM
Date: 2022.08.01 12:55:07 +05'30'

( मुकेश कुमार मेश्राम )
प्रमुख सचिव।